53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

15 AUGUST Happy Independence Day
15th August HAPPY INDEPENDENCE DAY

सूर्योदय - 5:46, सूर्यास्त - 7:00 वर्षः 53/अंक : 224 बृहस्पतिवार, 14 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, षष्ठी सम्वत् 2082 कुल पृष्ठ-8 मूल्य 3 रुपये



53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

**पाठकों के लिए सूचना**
बुलेटिन के समस्त सम्मानित पाठकों, विज्ञापनदाताओं एवं शुभचिंतकों को सूचित किया जाता है कि आज आपका प्रिय दैनिक समाचार पत्र 8 पृष्ठों का प्रकाशित किया जा रहा है। कृपया अपने हॉकर से आज के अंक के 8 पृष्ठ लेना न भूलें।
-सम्पादक


# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन




वर्षः 53/अंक : 224 | बृहस्पतिवार, 14 अगस्त 2025 | भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, षष्ठी | सम्वत् 2082 | कुल पृष्ठ-2 | मूल्य 3 रुपये


# लो जी..अब छात्रवृत्ति घोटाला, 336 छात्रों के 46 लाख की छात्रवृत्ति डकार गए जनपद के 10 शिक्षण संस्थान

## ▶▶ अल्पसंख्यक विभाग की शिकायत पर दस मशहूर कॉलेजों पर एफआईआर दर्ज

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** मुजफ्फरनगर में लगातार घोटालों की गूंज प्रदेश ही नहीं, पूरे देश में फैलती दिख रही है। इसी क्रम में एक और घोटाले का खुलासा तब हुआ तब अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक अजलान शाह की ओर से थाना सिविल लाइन में दस छोटे-मोटे नहीं, मशहूर शिक्षण संस्थाओं के खिलाफ मुकदमा लिखा गया। उक्त शिक्षण संस्थाओं ने छोटा-मोटा नहीं मात्र एक वर्ष (शैक्षिक सत्र 2021-22) में 46 लाख 36 हजार रुपये का घोटाला कर डाला। उक्त घोटाले में 10 शिक्षण संस्थाओं ने 336 छात्रों की छात्रवृत्ति डकार ली। हालांकि घोटाले की गूंज होते ही उसके बाद इन शिक्षण संस्थानों की छात्रवृत्ति रोक दी गयी और अब तीन वर्ष बाद जाकर मुकदमा दर्ज हुआ है। सबसे मोटा घोटाला केपीएस गर्ल्स कॉलेज ऑफ ऐजूकेशन अलीपुरकलां ने किया है, जिसमें घोटाले में पहले नम्बर पर जिसमें 60 छात्रों की छात्रवृत्ति 15,03,300 लाख रुपये डकार लिये गए, जिसमें दूसरे नम्बर पर इस्लामिया डिग्री कॉलेज, मुजफ्फरनगर ने 802800, तीसरे नम्बर पर श्रीराम कॉलेज ऑफ फार्मेसी ने 480000 रुपये, चौथे नम्बर पर मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज ने 453000, पांचवे पर लॉर्ड महावीर कृष्णापुरी ने 353400, छठे पर मदरसा इस्लामिया अरबिया सिकंदरपुर ने 326400, सातवे स्थान पर श्री मंगल सिंह आईटीआई, मुजफ्फरनगर ने 303600, आठवे स्थान पर दयानंद इण्टर कॉलेज, बिरालसी ने 186900, नौवे पर जनता इण्टर कॉलेज हरसौली ने 123800 तथा दसवे स्थान पर मूलचन्द इण्टर कॉलेज सैनीपुर परासौली ने




102600 ने रुपये की छात्रवृत्ति हड़पने में शामिल हैं।

अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में वित्तीय वर्ष 2021-22 की राष्ट्रीय छात्रवृत्ति वितरण से जुड़ी है, इसमें प्री-मैट्रिक कक्षा-9 व 10, पोस्ट- मैट्रिक कक्षा-11 और 12वीं के साथ डिग्री पाठ्यक्रम से जुड़े हुए विद्यार्थियों के नाम पर जिले में 10 शिक्षण संस्थाओं ने खेला करते हुए सरकारी धन का गबन कर दिया। अब उक्त मामले में अल्पसंख्यक कल्याण विभाग के वरिष्ठ सहायक अजलान शाह के द्वारा सिविल लाइन थाने में दर्ज मामले की तहरीर में अल्पसंख्यक मंत्रालय भारत सरकार के अनु सचिव द्वारा 19 अप्रैल 2024 को जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग को पत्र जारी करते हुए छात्रवृत्ति वितरण में कुछ शिक्षण संस्थानों में फर्जीवाड़ा होने की जांच कराने के लिए कहा था। इसके लिए शासन स्तर से सभी जनपदों में जांच के लिए आदेश जारी किए गए। मुजफ्फरनगर में इस जांच की रडार पर आई 17 शिक्षण संस्थाओं की जांच कराई गई, जिसकी रिपोर्ट शासन स्तर को भेज दी गई थी। इसके बाद 21 मार्च 2021 को संदिग्ध पाये गये अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय भारत सरकार अनुसचिव ने यूपी शासन को




फिर पत्र जारी किया, उक्त संदिग्ध पाये गये 10 शिक्षण संस्थानों की सूची भेजी गई और इनकी जांच करते हुए कूननी कार्यवाही कराने के निर्देश दिए गए। इस पर 02 अप्रैल को अल्पसंख्यक कल्याण एवं वक्फ अनुभाग-3 उत्तर प्रदेश शासन और 09 अप्रैल को निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश ने पत्र जारी करते हुए कार्यवाही के निर्देश दिए। इसके तहत एक मई को निदेशक, अल्पसंख्यक कल्याण विभाग ने फिर पत्र भेजकर कार्यवाही की रिपोर्ट मांगी। इस पर डीएम के आदेशों के तहत सीडीओ ने आठ मई को खण्ड शिक्षा अधिकारियों की टीमों का गठन करते हुए दस शिक्षण संस्थानों की जांच कराई थी। बता दें, अल्पसंख्यक विभाग में 4 वर्ष पूर्व हुए छात्रवृत्ति मामले में केन्द्र सरकार के अल्पसंख्यक विभाग के अफसरों के एक संदेह के आधार पर खेल को उजागर कर दिया। जनपद की जिन दस शिक्षण संस्थानों में यह खेल हुआ, उनमें फर्जी विद्यार्थी दिखा कर छात्रवृत्ति के रूप में करीब 46.36 लाख रुपये का भुगतान विभाग से प्राप्त कर लिया। शिक्षण संस्थानों ने छात्रवृत्ति के मामलों में अपने यहां आईएनओ और एचओआई नामित कर रखे हैं। इनका कार्य छात्र द्वारा किसी भी छात्रवृत्ति के लिए किए आवेदन फार्म को ऑनलाइन पोर्टल पर जांच के बाद शिक्षण संस्थान की संस्तुति समेत विभाग में फॉरवर्ड करने के बाद विभाग में स्वीकृति के साथ फिर छात्रवृत्ति का पैसा जारी कर दिया जाता है।

*इन्होंने कहा- जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी ने बताया कि उक्त प्रकरण उनके कार्यकाल से पूर्व का है। इस मामले में केन्द्र और राज्य सरकार के आदेश पर हुई जांच में दस शिक्षण संस्थानों में छात्रवृत्ति मामले में गंभीर अनियमितता पाये जाने पर खण्ड शिक्षा अधिकारियों ने अपनी रिपोर्ट सीडीओ को प्रेषित कर दी थी। इस रिपोर्ट के आधार पर शासन से स्वीकृति मिलने के बाद अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा 10 शिक्षण संस्थानों के आईएनओ और एचओआई के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है।*

## 10 शिक्षण संस्थानों के 17 लोगों समेत एक अज्ञात पर दर्ज हुई एफआईआर

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** मुजफ्फरनगर जनपद में वित्तीय वर्ष 2021-22 में एक साजिश के तहत अल्पसंख्यक छात्रवृत्ति में 10 बड़े शिक्षण संस्थानों ने करीब 46 लाख रुपये से अधिक की छात्रवृत्ति धनराशि का घोटाला किया है, जो जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की प्रारंभिक जांच में सामने आया है। घोटाले में मैडिकल व फार्मेसी व डिग्री कॉलेजों के साथ मदरसे, आईटीआई, गुरुकुल और इंटर कॉलेजों के नाम भी शामिल हैं। जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग द्वारा थाना सिविल लाइन में 10 शिक्षण संस्थानों से जुड़े 17 लोगों को नामजद करते हुए एक अज्ञात के खिलाफ भी रिपोर्ट दर्ज कराई है। इनमें पांच महिलाएं भी शामिल हैं, जो इन शिक्षण संस्थानों में बतौर आईएनओ और एचओआई के रूप में केन्द्र और राज्य सरकार की छात्रवृत्ति मामलों की देखरेख करने की जिम्मेदार बताई जा रही हैं। इस घोटाले के सामने आने के बाद पूरे जनपद में हड़कम्प मचा है।
जिला अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की ओर से थाना सिविल लाइन में दर्ज कराई एफआईआर से वित्तीय वर्ष 2021-22 में नेशनल स्कॉलरशिप के रूप में जनपद के केपीएस गर्ल्स कॉलेज ऑफ एजुकेशन अलीपुर कलां को सर्वाधिक करीब 15 लाख रुपए जारी किए गए। इसके साथ ही इस्लामिया डिग्री कॉलेज को करीब 8 लाख, श्रीराम कॉलेज ऑफ फार्मेसी को करीब 5 लाख रुपए, मुजफ्फरनगर मेडिकल कॉलेज बेगराजपुर को करीब 4.5 लाख रुपए की छात्रवृत्ति जारी की गई। मदरसा इस्लामिया अरबिया सिकन्दरपुर को 3.25 लाख रुपए, श्री मंगल सिंह आईटीआई को तीन लाख रुपए, लार्ड महावीर कृष्णापुरी को करीब साढ़े तीन लाख रुपए, दयानंद गुरूकुल इंटर कॉलेज बिरालसी को करीब पौने दो लाख रुपए, जनता इंटर कॉलेज हरसौली को करीब सवा लाख रुपए और मूलचंद इंटर कॉलेज सैनीपुर परासौली को एक लाख रुपये की धनराशि छात्रों के खातों में जारी की गई, इसी धनराशि का गबन करने के इन शिक्षण संस्थानों पर सिविल लाइन थाने में दी गई तहरीर में अल्पसंख्यक विभाग ने आरोप लगाए हैं।

*“जिला अल्पसंख्यक कल्याण अधिकारी मैत्री रस्तोगी ने बताया कि कुछ शिक्षण संस्थानों में पूर्व में छात्रवृत्ति अनियमितता पाई गई है। छात्रवृत्ति के लिए भेजी उक्त सूचियों में अपात्र छात्रों को भी शामिल किया गया, वहीं कई छात्रों के दस्तावेज फर्जी पाए और कुछ मामलों में छात्र स्वयं मौजूद ही नहीं थे। इस तरह से सरकारी धन का दुरुपयोग कर करीब 46 लाख रुपये का घोटाला प्रथम दृष्टया जांच में सामने आया है। प्रकरण की गंभीरता को देखते हुए शासन ने विशेष जांच कराई। जांच में अनियमितताओं की पुष्टि होने पर संबंधित संस्थानों के खिलाफ थाना सिविल लाइन में रिपोर्ट दर्ज की है। एफआईआर दर्ज होने के बाद पुलिस ने घोटाले के लिए अल्पसंख्यक विभाग के द्वारा उपलब्ध कराये गये रिकॉर्ड और साक्ष्यों के आधार पर जांच पड़ताल शुरु कर दी है।”*



सिटी मजिस्ट्रेट को अपना ज्ञापन सौंपती भारतीय किसान यूनियन

### जौनपुर में बस और ट्रक की टक्कर, 5 की मौत, 24 घायल

**जौनपुर, 13 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी के जौनपुर में भीषण सड़क हादसे में 5 यात्रियों की मौत हो गई, 24 घायल हैं। मंगलवार रात 11 बजे वाराणसी से शाहगंज जा रही रोडवेज बस कार को ओवरटेक करने के चक्कर में सामने से आ रहे ट्रक से टकरा गई। यात्रियों ने बताया- हादसा बस ड्राइवर की लापरवाही से हुआ। वह बस चलाते हुए मोबाइल पर बात कर रहा था। बहुत तेज स्पीड में गाड़ी चला रहा था। ओवरटेक करते समय जैसे ही ट्रक सामने आया, टक्कर से पहले ही ड्राइवर बस से कूद गया। जिससे बस की ट्रक से सीधी टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि बस का अगला हिस्सा करीब 3 फीट तक पिचक गया। खिड़कियां टूट गईं और कांच चकनाचूर हो गए। बस में अगले केबिन के हिस्से में बैठे यात्री सीटों में फंस गए। चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग पहुंचे और पुलिस को सूचना दी। सभी घायलों को कड़ी मशक्कत के बाद बस से निकालकर हॉस्पिटल पहुंचाया। जहां पांच लोगों को मृत घोषित कर दिया गया। मृतकों में 2 पुरुष, 2 महिला और एक बच्चा शामिल हैं। हादसा खेतासराय थाना क्षेत्र के गुरैनी बाजार में हुआ। हादसे के समय अधिकांश सवारियां सो रही थी। 6 गंभीर रूप से घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

## महिला के विरुद्ध आईटी एक्ट के मुकदमे में लापरवाही बतरने के मामले में अपराध निरीक्षक लाइन हाजिर

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** यूं तो पुलिस के नए नए कारनामे आए दिन सामने आते ही रहते हैं और पीड़ितों को न्याय न मिलने के बाद जब वे अधिकारियों के चक्कर लगाते हैं, तब जाकर कहीं न्याय की आस जगती है। ऐसा ही एक मामला शहर कोतवाली क्षेत्र में घटित हुआ, जिसमें शहर कोतवाली में दर्ज महिला के खिलाफ आईटी एक्ट के मुकदमे में लापरवाही बरतने के मामले में एसएसपी को संज्ञान लेना पड़ा, जिसके बाद अपराध निरीक्षक आरके शर्मा को लाइन हाजिर कर दिया गया। आपको बता दें कि शहर कोतवाली निवासी एक पति-पत्नी के बीच विवाद चल रहा था। विवाद में युवक की बहन पल्लवी के खिलाफ सोशल मीडिया पर गाली-गलौच करने को लेकर शहर कोतवाली में रिपोर्ट दर्ज की गयी थी। पीड़िता का आरोप था कि भाई के मुकदमे में पैरोकारी करने के कारण उसके खिलाफ गलत रिपोर्ट दर्ज कराई गयी तथा इस मामले की विवेचना शहर कोतवाली में तैनात अपराध विवेचक आरके शर्मा द्वारा की गयी। पीड़िता का आरोप था कि उसने अपने पक्ष में कई साक्ष्य विवचेक आरके शर्मा को दिये,



लेकिन हर बात को नजरअंदाज करते हुए उसके खिलाफ चार्जशीट काट दी गयी। थक हारकर बुधवार को पीड़ित ने एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत से मिलकर अपनी पूरी व्यथा रखी, जिसके बाद एसपी सिटी ने विवेचक को तलब किया। जांच में विवेचक की भूमिका संदिग्ध पाई गयी और उक्त मामले की जानकारी एसएसपी संजय कुमार वर्मा को दी गयी। मामले में गंभीरता को देखते हुए एसएसपी ने वायरलैस सैट से अपराध निरीक्षक को लाइन हाजिर कर दिया। वहीं शहर कोतवाली प्रभारी उमेश रोरिया को मामले में निष्पक्ष जांच के आदेश दिए।

# भाकियू ने ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा के बूते किया शक्ति प्रदर्शन

## ▶▶ ट्रैक्टरों संग किसानों की भारी भीड़ से शहर हुआ जाम ▶▶ जाम के झाम से कराहा नगर, स्कूली बच्चे भी फंसे जाम में

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** भारतीय किसान यूनियन टिकैत द्वारा संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर जनपद मुख्यालय के साथ ही 09 ब्लॉक में किसान ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकालते हुए शक्ति प्रदर्शन किया। किसानों के सड़कों पर उतरने के बाद कई घंटों तक पूरा नगर जाम के झाम से कराह उठा। नगर क्षेत्र में जिला अध्यक्ष चौ. नवीन राठी के नेतृत्व में निकली विशाल ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में सदर ब्लॉक के अध्यक्ष गुलशन चौधरी, तहसील अध्यक्ष देव अहलावत के नेतृत्व में नई मंडी स्थित विश्वकर्मा चौक से किसानों का एक जत्था सैकड़ों ट्रैक्टर व निजी वाहनों के साथ महावीर चौक पहुंचे। वहीं दूसरा जत्था महानगर अध्यक्ष गुलबहार राव के नेतृत्व और एक जत्था जिला सचिव फुरकान अली राव के नेतृत्व में महावीर चौक पहुंचे।

बुधवार को भाकियू टिकैत के कार्यकर्ता संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर महावीर चौक स्थित कार्यालय से जिलाध्यक्ष चौ. नवीन राठी के नेतृत्व में कार्यकर्ता महावीर चौक से मीनाक्षी चौक होते हुए शिवचौक पहुंचे, जिससे पूरा क्षेत्र जाम के झाम से कराह उठा। शिवचौक पर यातायात पुलिस ने व्यवस्था बनाते हुए वाहनों को रोकते हुए तिरंगा यात्रा को झांसी की रानी की ओर से निकाला। इस बीच जिलाध्यक्ष नवीन राठी व पश्चिमी उत्तर प्रदेश महासचिव योगेश शर्मा आदि ने भगवान शिव को नमन करते हुए उनका आशीर्वाद लिया और वहां से प्रकाश चौक पहुंचकर एक ज्ञापन क्षेत्रीय समस्याओं का और एक ज्ञापन संयुक्त किसान मोर्चा की ओर से संयुक्त रूप से सिटी मजिस्ट्रेट को सौंपा गया। नगर मजिस्ट्रेट को ज्ञापन सौंपे जाने के बाद तिरंगा यात्रा महावीर चौक पहुंचकर संपन्न हुई। इस दौरान कार्यकर्ता देशभक्ति के जज्बे का प्रदर्शन करते हुए देश भक्ति गीतों पर नृत्य करते दिखाई दिए। नगर में निकली इस ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा में भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता किसान नेता चौ. राकेश टिकैत के पुत्र चरण सिंह टिकैत भी शामिल रहे और स्वयं ट्रैक्टर चलाकर तिरंगा यात्रा की कमान संभाली। इस दौरान क्षेत्र में भारी भीड़ के कारण जाम की स्थिति रही। इस दौरान मुख्य रूप से कपिल सोम, राहुल अहलावत, प्रमोद अहलावत, अश्वनी चंदेल, राजीव तोमर, स. गुरमेल सिंह बाजवा, शक्ति सिंह, नरेश पुंडीर, बिजेंद्र बालियान, अनुज बालियान, इसरार खां, मोमिन त्यागी, एहसान त्यागी, सुमित पचेंडा, रणधोल राठी, अमित चौधरी,



मनीष अहलावत, विकास चौधरी, सर्वेंद्र राठी, विनीत चौधरी, इंद्र राठी, संदीप सिवाच, धर्मेन्द्र सहरावत, भूपेंद्र सहरावत, परमजीत चौधरी, स. अमीर सिंह, हैप्पी बालियान, बिट्टू प्रधान, सचिन चौधरी, संजय चौधरी, परवेंदर सिंह, अश्विनी तोमर, अश्विनी काकरान, सुभाष काकरान, साहिल, मोनू ठाकुर, पीयूष पंवार, विवेक त्यागी, रवि पाल, मनोज बालियान, मोहब्बत अली, शाह आलम खां, आजाद बेग, प्रदीप शर्मा, हवा सिंह, आयुष चौधरी, प्रज्वल त्यागी, मेहरबान अली, बिट्टू अंसारी, कुणाल वर्मा, रुचिन बालियान, मनोज बालियान, आयुष चौधरी, धीरेन्द्र चौधरी व विकास कुमार आदि सैकड़ों किसान, कार्यकर्ता व पदाधिकारी उपस्थित रहे।





भाकियू की ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा के चलते शहर में लगे जाम का नजारा

# राजस्थान के दौसा में दर्दनाक सड़क हादसा, सात बच्चों समेत 11 की मौत

**जयपुर, 13 अगस्त (एजेंसी)।** राजस्थान के दौसा जिले में बुधवार तड़के एक भयानक सड़क दुर्घटना हुई, जिसमें सात बच्चों समेत 11 लोगों की मौत हो गई और आठ अन्य गंभीर रूप से घायल हो गए। यह हादसा मनोहरपुर के पास हुआ जब एक पिकअप वैन, जिसमें 20 से अधिक लोग सवार थे, राजमार्ग की सर्विस लेन पर खड़े एक ट्रक से टकरा गई। पुलिस ने इस दुखद घटना की पुष्टि की है। हादसे के बाद घायलों को नजदीकी अस्पतालों में भर्ती कराया गया है, जहां उनकी हालत पर नजर रखी जा रही है। प्रशासन ने राहत कार्य शुरू कर दिया है और मृतकों के परिजनों को हर संभव सहायता देने का आश्वासन दिया है। पुलिस अधीक्षक सागर ने बताया कि पिकअप वैन उत्तर प्रदेश के एटा जिले के एक गांव लौट रही थी, जहां से वे खाटू श्याम और सालासर बालाजी मंदिर के दर्शन करके लौट रहे थे। हादसा बुधवार सुबह करीब चार से पांच बजे के बीच हुआ। ट्रक सड़क किनारे खड़ा था, जिसे पिकअप ने टक्कर मार दी। इस टक्कर के बाद सवारियों की संख्या में भारी हानि हुई। आठ घायल लोगों में से एक की हालत गंभीर बताई जा रही है, जिन्हें तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया गया है। दौसा के पुलिस उपाधीक्षक रविप्रकाश शर्मा ने मृतकों की पहचान कराई है। जिनमें छह वर्षीय पूर्वी, छह वर्षीय लक्ष्य, सात वर्षीय वैष्णवी, सात वर्षीय महक, नौ वर्षीय सलोनी, एक वर्षीय मिष्ठी, तीन वर्षीय बाबू के अलावा 25 वर्षीय प्रियंका, 28 वर्षीय शीलादेवी, 25 वर्षीय सीमा और 32 वर्षीय सोनम शामिल हैं। मृतकों के शवों का पोस्टमार्टम कराया जाएगा।

### युवक से मारपीट करने वाले पकड़े गए तीन आरोपी

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** दो दिन पूर्व गांधी कॉलोनी के रहने वाले अनुपम त्यागी ने थाने पर तहरीर देते हुए बताया कि उसके बेटे हरयांशु त्यागी पर बाइक सवार हमलावरों ने तमंचे की बट मारकर जान से मारने की नीयत से फायरिंग की थी। मंगलवार को गांधी कॉलोनी निवासी हरयांशु त्यागी के साथ उस समय मारपीट व उस पर फायरिंग की गयी थी, जब वह अपने दोस्तों को छोड़ने के लिए रामपुरी गया था। उसी समय हरयांशु के साथ उक्त घटना हुई। इसके बाद जिला चिकित्सालय में उपचार के बाद इसकी सूचना पुलिस को दी गयी तो पुलिस ने घटनास्थल के आसपास के सीसीटीवी कैमरे खंगाले। पुलिस ने कैमरे खंगालने के बाद आरोपी अंशुल उर्फ टिचकुला निवासी गाजावाली पुलिया, उमर निवासी सरवट व अब्दुल्ला उर्फ फैजुल्ला निवासी हाजीपुरा को माल रोड से गिरफ्तार किया है। पुलिस ने गिरफ्तार आरोपियों के पास से एक तमंचा बरामद किया है। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि तीन महीने पहले उनका छात्र से विवाद हो गया था। विवाद का बदला लेने के लिए ही उक्त तीनों ने मिलकर छात्र पर हमला किया। पुलिस ने तीनों आरोपियों का चालान कर दिया है।

## आवारा कुत्तों के मामले में दोबारा विचार करेगा सुप्रीम कोर्ट, सीजेआई गवई ने दिये आदेश

**नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसी)।** चीफ जस्टिस ऑफ इंडिया बीआर गवई ने बुधवार को दिल्ली-एनसीआर की सड़कों से आवारा कुत्तों पर लगे प्रतिबंध पर फिर से विचार करने आश्वासन दिया। सीजेआई ने कॉन्फ्रेंस फॉर ह्यूमन राइट्स (इंडिया) की याचिका पर सुनवाई करते हुए टिप्पणी की। एनजीओ की सचिव ननीता शर्मा ने सुप्रीम कोर्ट में मामले में सुनवाई के लिए जल्द तारीख तय करने की मांग की थी। सीजेआई ने जब मामले की सुनवाई पहले होने की बात कही तो, याचिकाकर्ता ने 2024 में जस्टिस जेके माहेश्वरी की बेंच के आदेश का हवाला दिया, जिसमें कहा गया था कि कुत्तों की बेहिसाब हत्या नहीं हो सकती। इससे पहले सुप्रीम कोर्ट ने 11 अगस्त को डॉग बाइट्स और रेबीज के मामलों को देखते हुए सभी आवारा कुत्तों को 8 हफ्तों में दिल्ली-एनसीआर के आवासीय क्षेत्रों से हटाकर शेल्टर होम में भेजने का आदेश दिया था। कोर्ट ने इस काम में बाधा डालने वाले व्यक्तियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की चेतावनी दी थी। सुप्रीम कोर्ट ने दिल्ली-एनसीआर के नगर निकायों को निर्देश दिया है कि आवारा कुत्तों को तुरंत पकड़कर नसबंदी करें और उन्हें स्थायी रूप से शेल्टर होम में रखें। इसके लिए 8 हफ्ते का समय दिया। कहा कि किसी भी तरह की रुकावट से कानूनी कार्रवाई हो सकती है। कोर्ट ने कुत्तों के हमले और रेबीज के खतरे से निपटने के लिए तुरंत कदम उठाने को कहा है। 28 जुलाई को सुप्रीम कोर्ट ने देश में आवारा कुत्तों के हमलों के कारण रेबीज से होने वाली मौतों की घटनाओं पर खुद नोटिस लिया था। कोर्ट ने इसे बेहद चिंताजनक और डराने वाला बताया था। दरअसल, सुप्रीम कोर्ट ने लोकसभा में सरकार के उस आंकड़े पर संज्ञान लिया, जिसमें बताया गया था कि 2024 में 37 लाख से ज्यादा डॉग बाइट्स के मामले आए। इसके अलावा 54 लोगों की मौत रेबीज से हुई। ये जानकारी 22 जुलाई को पशुपालन राज्य मंत्री एसपी सिंह बघेल ने लोकसभा में दिल्ली में छह साल की बच्ची छवि शर्मा की मौत से जुड़े सवाल पर दी थी। बच्ची को 30 जून को एक कुत्ते ने काट लिया था। इलाज के बावजूद उसकी मौत हो गई थी।

### रामपुर तिराहा कांड मामले में सुनवाई अब 20 अगस्त को

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** 1 अक्तूबर 1994 की रात से अलग राज्य की मांग को लेकर दिल्ली जा रहे उत्तराखंड के आंदोलनकारियों को पुलिस ने रामपुर तिराहे पर रोक लिया था। इतना ही नहीं पुलिस ने आन्दोलनकारियों पर लाठीचार्ज व फायरिंग भी की थी। जिसमें सात आंदोलनकारियों की मौत हो गई थी, जबकि महिलाओं से छेड़छाड़ और दुष्कर्म के आरोप भी लगाए थे। इस मामले में सीबीआई की तरफ से हाईकोर्ट के आदेश पर सात मुकदमे दर्ज कराए थे। उत्तराखंड सघर्ष समिति के वरिष्ठ अधिवक्ता अनुराग वर्मा ने बताया कि बुधवार को सरकार बनाम ब्रजकिशोर मामले में कोर्ट में बचाव पक्ष ने अपनी बहस की, जबकि एसपी मिश्रा मामले में कोई सुनवाई नहीं हो सकी। अब इन दोनों मामलों की सुनवाई के लिए 20 अगस्त की तिथि तय की गयी है।

## केदारनाथ जाने के लिए बेकाबू हुई भीड़, पुलिस ने लाठियां फटकार कर खदेड़ा

**देहरादून, 13 अगस्त (एजेंसी)।** केदारनाथ धाम की यात्रा के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ रही है। खराब मौसम को देखते हुए प्रशासन की रोक के बावजूद, आगे बढ़ने का प्रयास कर रही भीड़ जब बुधवार को सोनप्रयाग के सीतापुर में बैरिकेड तोड़कर उग्र होने लगी तो पुलिसकर्मियों को लाठियां फटकार कर लोगों को हटाना पड़ा। रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने भारी बारिश की चेतावनी की वजह से केदारनाथ यात्रा पर अस्थायी रोक लगा रखी है। भीड़ को रोकने के लिए जगह-जगह बैरियर लगाए गए हैं। इसकी वजह से सोनप्रयाग में बड़ी संख्या में श्रद्धालु इकट्ठा हो गए हैं। बुधवार को यात्री सुबह से ही आगे बढ़ने की इजाजत देने की मांग कर रहे थे। लेकिन प्रशासन यात्रा पर रोक का हवाला देकर आगे नहीं बढ़ने दे रहा था। घंटों के इंतजार में कई लोगों का धैर्य जवाब देने लगा। उन्होंने सोनप्रयाग में पुलिस द्वारा लगाया गया मुख्य बैरिकेड तोड़कर आगे बढ़ने का प्रयास किया तो पुलिस को लाठियां फटकारनी पड़ीं। बता दें कि रुद्रप्रयाग जिला प्रशासन ने भारी बारिश की चेतावनी को देखते हुए केदारनाथ यात्रा पर 14 अगस्त तक रोक लगा रखी है। रुद्रप्रयाग के जिलाधिकारी प्रतीक जैन के मुताबिक, देहरादून मौसम विज्ञान केंद्र ने 12, 13, 14 अगस्त को रुद्रप्रयाग सहित प्रदेश के कई हिस्सों में भारी वर्षा का पूवार्नुमान जताया है। इसके मद्देनजर यात्रियों की सुरक्षा के लिए केदारनाथ धाम की यात्रा को 12 से 14 अगस्त तक अस्थायी रूप से रोका गया है।



53 वर्ष पुराना दैनिक समाचार पत्र | पंजीयक-पंजीयन संख्या-25059/73 (79) | डाक पंजीकरण संख्या UP/BR-195/2022-24 | Web: muzaffarnagarbulletin.co.in

# मुज़फ़्फ़रनगर बुलेटिन

15 AUGUST Happy Independence Day
15th August HAPPY INDEPENDENCE DAY

वर्ष: 53/अंक : 224 बृहस्पतिवार, 14 अगस्त 2025 भाद्रपद, कृष्ण पक्ष, षष्ठी सम्वत् 2082 कुल पृष्ठ-3 मूल्य 3 रुपये

# एक रक्तदान देश के नाम

स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में

**श्री तुलसी धाम पार्क समिति एवं भारत सूर्योदय सेवा ट्रस्ट**

द्वारा आयोजित

एक और भव्य

# रक्तदान शिविर

## बृहस्पतिवार, 14 अगस्त 2025

प्रातः 8 बजे से सायं 6 बजे तक

स्थान - तुलसीदास पार्क,
शिव चौक, मुजफ्फरनगर



**शिशुकान्त गर्ग (एडवोकेट)**
अध्यक्ष

**सतीश अरोरा**
सचिव

**महेन्द्रनाथ अरोरा**
कोषाध्यक्ष

मुख्य अतिथि- **श्री अंकुर दुआ**

सम्पादक - मुजफ्फरनगर बुलेटिन, सदस्य - भारतीय प्रेस परिषद

# डीएम-एसएसपी के नेतृत्व में पुलिस प्रशासन ने निकाली तिरंगा यात्रा




**बुढ़ाना, 13 अगस्त (बु.)।** बुधवार के दिन बुढ़ाना कस्बे में स्वतंत्रता दिवस को लेकर पुलिस प्रशासन भी देश भक्ति के रंग में रंगा हुआ नजर आया। मुजफ्फरनगर जनपद के जिला अधिकारी उमेश मिश्रा और वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक संजय वर्मा अन्य अधिकारियों के साथ बुढ़ाना कस्बे मे पहुंचे, जहां कस्बे की पुलिस चौकी के पास से तिरंगा यात्रा आरंभ की गई। सभी प्रशासनिक अधिकारियों और पुलिसकर्मियों ने कस्बे और क्षेत्र के समाज सेवियों के साथ तिरंगा यात्रा निकाली। यह भव्य तिरंगा यात्रा बुढ़ाना कस्बे के महावीर तिराहे से आरंभ होकर कांधला रोड से होती हुई चौधरी चरण सिंह तिराहे पर पहुंची। चौधरी चरण सिंह तिराहे से घूमकर तिरंगा यात्रा फिर कोतवाली पहुंची और कोतवाली में ही इस तिरंगा यात्रा का समापन हुआ। इस दौरान तिरंगा यात्रा जब छोटे बाजार के सामने कस्बाबान पुलिया पर पहुंची, तो सैंकडों व्यापारियों ने जिले के दोनों आला अधिकारी और अन्य अधिकारियों और कर्मचारियों पर जमकर फूलों की वर्षा की और देशभक्ति के नारे लगाए। इस दौरान यहां पर मुख्य रूप से सीओ गजेंद्र पाल सिंह, एसडीएम अपूर्वा यादव, तहसीलदार महेंद्र सिंह यादव, बुढ़ाना नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन यादव, कोतवाल आनंद देव मिश्र, एसएसआई ललित कुमार शर्मा, कस्बा इंचार्ज संदीप कुमार के अलावा डीसीडीएफ के पूर्व चैयरमेन सुबोध त्यागी और युवा भाजपा नेता मोनू मलिक सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहे।

# नगर की सड़कों पर उतरे शाहपुर के प्रथम नागरिक हाजी अकरम कुरैशी

**- चेयरमैन ने बरसाती पानी की निकासी के निर्देश दिए - बड़े पैमाने पर चलाया गया नाले नालियों का सफाई अभियान**

**शाहपुर, 13 अगस्त (बु.)।** नगर पंचायत चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी ने आज सभासदों के साथ मौहल्ला गोकुलपुर व मंगलापुरी मंडी में बरसाती पानी भरने की सबब बनी मेन रोड की पुलिया का निरीक्षण किया तथा इस बात पर विचार किया कि किस प्रकार इन दोनों वार्ड के नागरिकों को बरसाती पानी के भरने से निजात दिलायी जाए। मंगलापुरी मंडी के सभासद विशाल गर्ग ने बताया कि उनके द्वारा इस समस्या को लेकर एक पत्र पूर्व में नगर पंचायत में दिया गया था। उस पत्र को ही लोक निर्माण विभाग को भेजा जाना है, क्योंकि उक्त पुलिया लोक निर्माण विभाग की है। उधर, कस्बेवासियों की लगातार शिकायत के बाद आज नगर पंचायत चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी मौके पर पहुंचे और पानी की निकासी के समाधान को लेकर मौके पर ही सभासदों से चर्चा की। उन्होंने बताया कि हाल ही में कृष्ण जन्माष्टमी पर्व है तथा बरसात चल रही है। ऐसे में इस मुख्य मार्ग का काम अभी प्रारंभ नहीं किया जा सकता। जन्माष्टमी के बाद मौसम साफ होते ही तत्काल समस्या का समाधान कराया जाएगा। इस दौरान गोकुलपुर की सभासद के पति बुद्ध प्रकाश मंगलापुरी मण्डी के सभासद विशाल गर्ग, वरिष्ठ पत्रकार डॉ. अनुज अग्रवाल मौजूद रहे। अध्यक्ष हाजी अकरम कुरैशी ने कहा कि अति शीघ्र इस समस्या का समाधान किया जाएगा। चेयरमैन हाजी अकरम कुरैशी के आदेश पर आज नगर में बड़े पैमाने पर नाले एवं नालियों की सफाई का अभियान चलाया गया। सफाई नायक राजीव मेहरा एवं संदीप पाल के अनुसार बरसात के मौसम के




मद्देनजर नगर पंचायत अध्यक्ष अकरम कुरैशी एवं अधिशासी अधिकारी आलोक रंजन के निर्देश पर नगर में कई स्थानों पर एक साथ सफाई अभियान चला गया है।

## सर्राफा बाजार

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त, (बु.)।** मुजफ्फरनगर सर्राफा बाजार के भाव इस प्रकार रहे:-

| | | | |
|---|---|---|---|
| सोना- | 100700 | चांदी- | 116800 |
| सिक्का- | 1290 | गिन्नी- | 74990 |

## आपका आज का राशिफल

**बृहस्पतिवार, 14 अगस्त, 2025**

**मेष-** आरोग्य सुख, व्यक्तित्व का विकास, आकस्मिक लाभ का सुअवसर, भौतिक सुख-सुविधा के साधन सुलभ, पारिवारिक प्रसन्नता, मौज-मस्ती के निमित्त व्यय।

**वृषभ-** आज दिन 10/37 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, परिवार में मतभेद, मानसिक कष्ट, वाहन से भय, शेष समय में भौतिक सुख सुविधा उपलब्ध, आर्थिक लाभ।

**मिथुन-** आज दिन 10/37 बजे तक समय बेहतर, नवीन योजना के प्रति रुचि जागृत, संत समागम, शेष समय आशा के विपरीत, विवाद की आशंका, लाभ में कमी।

**कर्क-** विचारित योजना प्रगति पर, श्रेष्ठजनों से सम्पर्क, कुछेक समस्याएँ सुलझने की ओर, वैवाहिक जीवन संतोषजनक, बुद्धि का विकास, व्यावसायिक प्रगति।

**सिंह-** मनोवांछित सफलता, शिक्षा के क्षेत्र में प्रगति, मान-सम्मान में वृद्धि, बौद्धिक क्षमता का विकास, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, कर्ज निवृत्ति का प्रयास।

**कन्या-** आज दिन 10/37 बजे तक समय अशुभ, मित्रों से तनाव, गलतफहमी के शिकार, शेष समय में आर्थिक प्रगति, निजी इच्छाकी पूर्ति, किसी विवाद का समापन।

**तुला-** आज दिन 10/37 बजे तक व्यावसायिक क्षेत्र में सफलता, बकाए धन की वसूली, शेष समय में ग्रहयोग विपरीत, क्रोधकी अधिकता, मानसिक तनाव, आर्थिक हानि।

**वृश्चिक-** नवयोजना की शुरूआत, मनोबल में वृद्धि, जिम्मेदारियों को निभाने हेतु व्यय, उत्सव में सम्मिलित होने का सुयोग, मित्रों से विचार-विमर्श, स्थान परिवर्तन।

**धनु-** दिन बेहतर, दूसरों की सलाह मान्य इच्छित पद की प्राप्ति, अड़चनें समाप्त, निजी इच्छा की पूर्ति, दर्शनीय स्थलों की यात्रा का प्रसंग, मानसिक शांति, शत्रु परास्त।

**मकर-** आज दिन 10/37 बजे तक दिनचर्या अव्यवस्थित, वैवाहिक जीवन असंतोषजनक, अशांति, शेष समय शुभ, रचनात्मक गतिविधियों में वृद्धि, परिजनों से सहयोग।

**कुम्भ-** आज दिन 10/37 बजे तक पुरुषार्थ के प्रति रुचि, सुख-सुविधा के निमित्त व्यय, यात्रा संभव, शेष समय कष्टकर, समस्याओं से चिन्तित, मानसिक तनाव।

**मीन-** किसी योजना की शुरूआत, पुराने विवाद का समापन, आशा के अनुकूल घटना घटित, स्वाध्याय की ओर रुचि, यात्रा में सफलता, प्रभावशाली हस्तयों से सम्पर्क।

विमल जैन, हस्तरेखा विशेषज्ञ, रत्न परामर्शदाता, फलित अंक व ज्योतिषी एवं वास्तुविद्, एस-2/1-76,ए, वर्धन भवन, द्वितीय तल, आकांक्षा हॉस्पिटल के पास, टैगोर टाऊन एक्सटेंशन (महावीर मंदिर टू यू.पी. कालिज रोड) भोजूबीर, वाराणसी-221002 मोबाइल 9335414722



संस्थापक सम्पादक एवं हमारे प्रेरणास्रोत स्व. उत्तमचन्द्र शर्मा

मुजफ्फरनगर बुलेटिन

स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक व मुद्रक श्रीमति पूजा दुआ ने 'मुजफ्फरनगर बुलेटिन' प्रात:कालीन दैनिक 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर को 'दैनिक बुलेटिन प्रेस' 223-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से मुद्रित कराकर 224-सिविल लाइन्स दक्षिणी, मुजफ्फरनगर से प्रकाशित किया।

सम्पादक-अंकुर दुआ
(प्रकाशक)-98370-42840, 94127-10840
(विज्ञापन)-9368549219 (नि.) 7983359929
सम्पादक-9412210257
E-mail :
muzaffarnagar_bulletin@yahoo.co.in
muzaffarnagar_bulletin@rediffmail.com





# चेयरपर्सन ने 28 नए गारबेज टिपर वाहनों का किया शुभारंभ

**- कंपनी प्रबंधन की व्यवस्था पर लगाई फटकार, दी चेतावनी - नगर क्षेत्र को क्लीन एंड ग्रीन बनाने की दिशा में बढ़ी पालिका**

मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)। नगरीय क्षेत्र को ग्रीन एंड क्लीन बनाने की दिशा में जुटी नगर पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बुधवार को कंपनी बाग में 28 नए गारबेज टिपर वाहनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस बीच डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को प्रभावी बनाने के लिए खरीदे गए ये वाहन सीधे विभिन्न वार्डों में उतारे गए, ताकि हर घर तक सफाई सेवाएं आसानी से पहुंच सकें। पालिका चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने बुधवार को मेरठ रोड कमला नेहरू वाटिका परिसर से पालिका ईओ डॉ. प्रज्ञा सिंह एवं वार्ड सभासदों के साथ खरीदे गए 28 नए गारबेज टिपर वाहनों का उद्घाटन करते हुए सफाई व्यवस्था को गति दी। नगर के 55 वार्डों में डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को सुचारू बनाने के लिए खरीदे गए इन वाहनों को उद्घाटन के बाद सीधे वार्डों में भेजा, ताकि हर घर से कूड़ा उठाने की सुविधा आसान हो सके। इन वाहनों के शुभारंभ अवसर पर चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने वाटिका में पैदल भ्रमण करते हुए वहां सफाई व्यवस्था परखी और जरुरी निर्देश दिए। चेयरपर्सन नए टिपर वाहनों के शुभारंभ अवसर पर कंपनी प्रबंधन की व्यवस्था को देख काफी नाराज दिखाई दी और उन्होंने मैनेजर को कंपनी



बाग में देरी से आने और वाहन चालकों को



बिना वर्दी देखकर कड़ी फटकार लगाते हुए भविष्य में इसकी पुनरावृत्ति न होने की चेतावनी दी। उन्होंने स्पष्ट किया कि कार्यों में लापरवाही किसी कीमत पर बर्दाशत नहीं होंगी। शुभारंभ अवसर पर इस दौरान मुख्य रूप से सभासद मनोज वर्मा, राजीव शर्मा, शौकत अंसारी, नौशाद पहलवान, मौहम्मद शहजाद, सतीश कुकरेजा, अन्नु कुरैशी, अमित पटपटिया, लिपिक संजीव सिंघल, प्रियेश कुमार, मनोज पाल, मोहन वैद, वाटिका प्रभारी दुष्यंत कुमार सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे। उधर इस सम्बन्ध में चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप ने कहा कि हमारा लक्ष्य शहर को स्वच्छ व स्वस्थ बनाना है। डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए राज्य वित्त व 5वें वित्त से प्राप्त धनराशि से करीब 98 नए गारबेज टिपर वाहनों की खरीद कर रहे हैं। इसमें स्वच्छ भारत मिशन के तहत करीब 1.96 करोड़ रुपए धनराशि से पहली खेप के रूप में 28 नए टिपर वाहन प्राप्त हुए। एआरटीओ से रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया होने के बाद इन्हें वार्डों में सफाई व्यवस्था के लिए रवाना किया है। जल्द ही पालिका प्रशासन दो स्लॉट में 55 नए गारबेज टिपर वाहन खरीदेगी, ताकि सभी वार्डों में व्यवस्था और प्रभावी हो सकें। उन्होंने बताया कि ये वाहन पालिका के साथ में काम कर रही कंपनी जेएस एनवायरो सर्विसेज लि. को हैंड ओवर किए जा रहे हैं। 67 टिपर वाहन पहले उन्हें दिये हैं। इनको जरुरत के अनुसार बड़े वार्डों में लगाया जा रहा है, जहां पर गाड़ी से डोर टू डोर कूड़ा कलेक्शन में समस्या बनी थी। उन्होंने बताया कि 40 गारबेज टिपर वाहनों की खरीद के लिए टैंडर निकाला गया है, साथ ही 30 गारबेज टिपर वाहनों की खरीद के लिए 15वें वित्त में डीएम की अध्यक्षता वाली कमेटी की स्वीकृति मिल चुकी है और जल्द इनकी खरीद के लिए पालिका प्रशासन प्रक्रिया शुरू करने जा रहा है।

# सीएचसी में लगे फ्री चिकित्सा कैंप का समापन हुआ

**बुढ़ाना, 13 अगस्त (बु.)।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना परिसर में बीते मंगलवार को लगाए गये 02 दिवसीय नि:शुल्क नेत्र चिकित्सा शिविर का समापन आज बुधवार के दिन कर दिया गया। इस निशुल्क चिकित्सा शिविर में जनपद मुजफ्फरनगर के मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. सुनील तेवतिया के सान्निध्य में डीपीएमआई डॉ. दिव्या वर्मा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के प्रभारी चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रणव तेवतिया के निर्देशन में सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बुढ़ाना के नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. उमंग श्रीवास्तव के द्वारा 217 लोगों की आंखों की जांच करते हुए कुल 63 लोगों को उनकी आंखों को बनने के लिए नेत्रालय भेज दिया गया। इस अवसर पर यहां सभी नेत्र रोगियों की जांच कर उनको नि:शुल्क दवाइयां भी वितरित की गई। इस संबंध में नेत्र परीक्षण अधिकारी डॉ. उमंग श्रीवास्तव ने बताया कि केंद्र पर समय समय पर इसी तरह के निशुल्क कैंप लगाए जाते हैं, जिनमें काफी रोगी इन कैंपों का लाभ उठाते हैं।

# बिंदल फ्लाई हाई अकेडमी में इन्वेस्टिचर सेरेमनी और स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन






**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बुस.)।** बिंदल पेपर की सीएसआर गतिविधियों के अंतर्गत संचालित बिंदल फ्लाई हाई अकेडमी में बुधवार को इन्वेस्टिचर सेरेमनी एवं स्वतंत्रता दिवस का भव्य आयोजन हुआ। कार्यक्रम में संस्थापक सदस्य शशि बिंदल और सान्या बिंदल के साथ नगर की चेयरपर्सन मीनाक्षी स्वरूप, रेनू अग्रवाल, रीना अग्रवाल, सपना कुमार, डॉ. रिंकू, चारु भारद्वाज, सरिता स्वरूप, रेखा, मीरा सिंगल, साधना गोयल, रश्मि बिंदल, सीमा बिंदल, शिल्पी बिंदल, गरिमा और अंकिता सहित अनेक गणमान्य अतिथि मौजूद रहे। स्कूल की प्रिंसिपल वंदना शर्मा, वाइस प्रिंसिपल पायल बंसल, एचओडी अंचल बंसल एवं फ्लाई हाई टीम ने मिलकर कार्यक्रम का शानदार और अनुशासित आयोजन किया।










# हर घर तिरंगा अभियान का आगाज, सभी भवनों पर शान से लहराएगा तिरंगा

**- राष्ट्रीय ध्वज प्रतियोगिता का आयोजन, सफल प्रतिभागियों का किया गया अभिनन्दन - राष्ट्रभक्ति गीतों एवं जोश भरे नारों के साथ देश भक्ति कार्यक्रम का भव्य आयोजन**

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** डीएम उमेश मिश्रा एवं सीडीओ कंडारकर कमल किशोर देशभूषण के निर्देश पर डॉ. राजीव कुमार ने हर घर तिरंगा अभियान के तहत पीआर पब्लिक स्कूल स्कूल में भारत की स्वतंत्रता, एकता एवं गौरव का प्रतीक राष्ट्रीय ध्वज विषय पर क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में सफल रहे प्रतिभागियों में अनुष्का, अवनी, दृष्टि, निकुंज, अलीशा, परी, प्राची, हिमानी, डिम्पल, हर्ष व आयुष को फूलमाला पहनाकर अभिनंदन किया गया। डॉ. राजीव कुमार द्वारा विद्यालय प्रबंधक अशोक सिंघल को हर घर तिरंगा अभियान के तहत राष्ट्रीय ध्वज भेंट किया गया। इस अवसर पर राष्ट्रभक्ति गीतों एवं जोश भरे नारों के साथ सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य आयोजन किया गया, जिसमें अनघ सिंघल की महत्वपूर्ण भूमिका रही। इस दौरान डॉ. राजीव कुमार द्वारा सभी से राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान एवं हर घर तिरंगा फहराने का आह्वान किया गया। हर घर तिरंगा अभियान में स्वतंत्रता सेनानियों को श्रद्धांजलि देने, देशभक्ति की भावना को जागृत करने तथा राष्ट्रीय ध्वज के प्रति सम्मान हेतु आयोजित किया जा रहा है। इस सांस्कृतिक कार्यक्रम में पीआर पब्लिक स्कूल के सभी शिक्षकों एवं छात्र-छात्राओं द्वारा प्रतिभाग किया। डीआईओएस राजेश श्रीवास के मार्गदर्शन में जनपद के सभी विद्यालयों में हर घर तिरंगा अभियान के अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां संचालित की जा रही है। कार्यक्रम में पीआर पब्लिक स्कूल प्रबंधक अशोक सिंघल, प्रधानाचार्या ीना सिंघल के नेतृत्व में शिक्षक प्रज्ञा सिंधी, दिव्या शर्मा, प्रवीण जायसवाल, शंकर शर्मा एवं अनुपम सिंह की महत्वपूर्ण भूमिका रही।






## वृद्ध पिता ने पुत्र और पुत्री से बताया जान का खतरा, कार्रवाई की मांग

**भोपा, 13 अगस्त (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी वृद्ध ने अपनी पुत्री, दामाद और पुत्र पर धोखाधड़ी कर रुपए हड़प लेने का आरोप लगाते हुए आरोपियों से जान माल का खतरा बताया है और कार्रवाई की मांग की है। भोपा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी वृद्ध ने भोपा थाने पर पहुंचकर बताया कि उसने अपनी पत्नी की मौत के बाद दूसरी महिला से विवाह कर लिया था, जिसके साथ एक पुत्र भी आया था, जो बिजनौर निवासी उसकी पुत्री के पास रहता था। वृद्ध ने बताया कि दूसरी पत्नी के देहांत के बाद उसकी पुत्री और उसकी देवरानी ने षड्यंत्र के तहत अपने पास रखे उसके पुत्र को वृद्ध के पास भेज दिया था। आरोप है कि उसका पुत्र उसकी देखभाल नहीं करता है, वहीं उसकी पुत्री ने उसके हजारों रुपए घर से चोरी कर लिए थे और धोखाधड़ी कर उसके सांप के काटे का इलाज कराने के नाम पर एक लाख से अधिक रकम भी उसके खाते से गायब कर दी। वृद्ध ने आरोप लगाया कि अब उसका पुत्र-पुत्री और दामाद मिलकर उसके जमीन जायदाद और मकान पर कब्जा करने की नीयत से उसे रास्ते से हटाना चाहते हैं। पीड़ित वृद्ध ने आरोपियों से जान-माल का खतरा बताते हुए कार्यवाही की गुहार लगाई है।

## साइबर थाना पुलिस ने किया सेवानिवृत्त पेंशनर्स को साइबर अपराधों के प्रति जागरूक



**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** थाना साइबर पुलिस द्वारा बुधवार को कलेक्ट्रेट परिसर स्थित जिला पंचायत सभागार में सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों हेतु एक व्यापक साइबर जन जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान थाना साइबर पुलिस द्वारा सेवानिवृत्त पुलिसकर्मियों को साइबर अपराधों जैसे ऑनलाइन ठगी एवं बैंकिंग फ्रॉड, सोशल मीडिया अकाउंट हैकिंग, फिशिंग ईमेल एवं लिंक के माध्यम से धोखाधड़ी, ओटीपी व केवाईसी अपडेट के बहाने धोखाधड़ी, फेक ऐप्स एवं मैलवेयर हमले आदि विषय में जागरूक किया गया। इसके साथ ही, जनपद में साइबर अपराध होने की स्थिति में 1930 हेल्पलाइन नंबर एवं पोर्टल पर शिकायत दर्ज करने की प्रक्रिया के बारे में भी बताया गया। थाना साइबर पुलिस ने इस दौरान यह अपील की कि सभी सेवानिवृत्त पुलिसकर्मी अपने परिवार, पड़ोस और समुदाय में साइबर सुरक्षा संबंधी जागरूकता फैलाएं, ताकि समाज को साइबर अपराधों से सुरक्षित बनाया जा सके। इस दौरान पुलिस अधिकारी मौजूद रहे।





## भाकियू कार्यकर्ताओं ने ब्लॉक अध्यक्ष के नेतृत्व में निकाली ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा

**चरथावल, 13 अगस्त (बु.)।** कस्बे में बुधवार को संयुक्त किसान मोर्चा के आह्वान पर ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में भारतीय किसान यूनियन के तत्वावधान में सैंकड़ों ट्रैक्टर से किसानों की विभिन्न मांगों को लेकर स्वतंत्रता दिवस पर ट्रैक्टरों से तिंरगा यात्रा निकाली गई। ट्रैक्टर तिंरगा यात्रा विकासखण्ड से शुरू होकर विभिन्न स्थानों से होते हुई विकासखण्ड पर पहुंच कर सम्पन्न हुई, जहां किसानों की मांगों का ज्ञापन चरथावल थाना प्रभारी को सौंपा गया। चरथावल में स्वतंत्रता दिवस से पूर्व भारतीय किसान यूनियन (टिकैत) ने ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी के नेतृत्व में ट्रैक्टर तिरंगा यात्रा निकाली। यह यात्रा भाकियू के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत के आह्वान पर आयोजित की गई। यात्रा में हजारों किसानों ने हिस्सा लिया। किसानों ने अपने ट्रैक्टरों पर तिरंगा लगाकर मुख्य सड़कों पर मार्च किया। रैली के दौरान किसानों ने सरकार विरोधी नारे लगाए। देशभक्ति गीतों से माहौल देशप्रेम से ओतप्रोत हो गया। इस अवसर पर ब्लॉक अध्यक्ष संजय त्यागी ने कहा कि यात्रा से किसानों की एकजुटता का संदेश दिया गया है। उन्होंने कहा कि टिकैत की एक आवाज पर ये ट्रैक्टर लखनऊ और दिल्ली की ओर भी जा सकते हैं। इस मौके पर संजय त्यागी, ब्लॉक अध्यक्ष रोबिन सिंह मंडेर, विशाल चौधरी, महकार राणा, आशु मुजम्मिल राणा, श्रीकांत सैनी, दीपक, कृष्ण ठाकुर, मदन ठाकुर, मामचंद प्रधान, धर्मेंद्र प्रधान, दीपक प्रधान, नूर आलम, पप्पू, सुभाष प्रधान, राहुल आदि मौजूद रहे, जहां किसानों की मांगों का ज्ञापन चरथावल थाना प्रभारी को सौंपा गया।




नगर पंचायत, शाहपुर की ओर से
15TH AUGUST
INDEPENDENCE Day
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
आलोक रंजन
अधिशासी अधिकारी
मौ. अकरम
चेयरमैन नगर पंचायत, शाहपुर
समस्त सभासद एवं कर्मचारीगण


THE SKYLAND SCHOOL
THE SKYLAND School
Budhana Road, Shahpur
Affiliated with CBSE 10+2
स्काईलैंड स्कूल
की ओर से
सभी जनपदवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की हार्दिक
शुभकामनाएं
HAPPY
Independence day
राहुल गोयल
(प्रबन्धक)
मनोज गोयल
(प्रधानाचार्य)


आप सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता
दिवस
की
हार्दिक
शुभकामनाएं
श्रीमती मुस्तरी बेगम
सभासद, नगर पंचायत, शाहपुर
सदस्य, जिला योजना समिति
आदिल खान
युवा समाज सेवी
शाहपुर


नेशनल प्रॉपर्टी डीलर्स शाहपुर
की ओर से सभी क्षेत्रवासियों को
स्वतंत्रता दिवस
की
हार्दिक शुभकामनाएं
हाजी शाहिद त्यागी
प्रमुख समाजसेवी, शाहपुर
हाजी अकरम कुरैशी
अध्यक्ष, नगर पंचायत, शाहपुर
HAPPY
Independence day
तौहिद त्यागी
युवा समाज सेवी, शाहपुर
नैशनल प्रॉपर्टी डीलर्स, शाहपुर
हाजी मुरसलीन राईन
पूर्व प्रधान, ग्राम- बसी कलां



1973-2025

सम्पादक की क़लम से

## विशेष गहन पुनरीक्षण, मतदाता हितैषी

बिहार में चल रहे चुनाव आयोग के मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण एसआईआर को सुप्रीम कोर्ट ने मतदाता हितैषी बताया है। मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण के विरुद्ध दायर याचिकाओं पर सुनवाई के दौरान कल सुप्रीम कोर्ट ने यह महत्वपूर्ण टिप्पणी की। कोर्ट ने कहा कि पूर्व में हुए संक्षिप्त पुनरीक्षण में 7 दस्तावेज मान्य थे, मगर अभी के विशेष गहन पुनरीक्षण में 11 दस्तावेजों का विकल्प मतदाताओं को दिया गया है। इससे लगता है कि यह मतदाता के हित में है। कोर्ट की कार्रवाई सुनने वालों का कहना है कि विपरीत दलीलें देने वाले वकीलों की दलीलों में कोई दम नहीं था, वे न जाने क्या क्या कह रहे थे। भाजपा नेताओं ने विपक्ष के विरोध को नौटंकी कहा है। भाजपा नेता अनुराग ठाकुर ने कांग्रेस के इतिहास को खोल कर रख दिया। चुनाव आयोग पर कांग्रेस सहित अन्य विपक्षी नेताओं के हमलों और भाजपा की मिलीभगत से वोट चोरी के आरोपों के बीच भारतीय जनता पार्टी ने कल को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस की। इस प्रेस कांफ्रेस में अनुराग ठाकुर ने राहुल गांधी और कांग्रेस को जमकर खरी-खोटी सुनाई। अनुराग ठाकुर ने कहा कि कल कुछ कांग्रेस के लोग कह रहे थे कि राहुल गांधी और विपक्ष के नेताओं ने बवंडर खड़ा किया। बवंडर नहीं, ब्लंडर है, जितने आरोप आज तक लगाए, मैं राहुल जी को यही कहूंगा कि धूल चेहरे पर थी और आप आईना साफ करते रहे। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अगर किसी के नेतृत्व में 90 बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड है, तो वह राहुल गांधी के नेतृत्व में है। पार्टी के अंदर भी राहुल गांधी के नेतृत्व पर सवाल उठते हैं, जब वह चुनाव हारते हैं, तो ईवीएम पर सवाल उठाते हैं या मतदाताओं को दोषी ठहराते हैं। कांग्रेस ने कहा कि भाजपा के लिए ईवीएम में हेराफेरी की गई है। फिर उन्होंने कहा कि ईवीएम पर प्रतिबंध लगाओ, मतपत्र वापस लाओ। फिर उन्होंने कहा कि ईवीएम को रिमोट से हैक किया जा सकता है। हर हार के बाद कांग्रेस नए बहाने ढूंढती रही। कांग्रेस ने आत्मचिंतन नहीं किया, बल्कि बार-बार ईवीएम, चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं को दोष देती रही। बिहार चुनाव हारते देख कांग्रेस पहले ही विपक्षी दलों के साथ मिलकर झूठे आरोप लगाने में जुट गई है। अनुराग ठाकुर ने कहा कि अगर हम 1952 से शुरूआत करें, तो कांग्रेस और सीपीआई ने मिलकर संविधान निर्माता और संत समान नेता डॉ. भीमराव अंबेडकर को चुनाव में हराया था। कांग्रेस ने 1952 के पहले ही चुनाव में चुनावी भ्रष्टाचार की नींव रखी थी। रिकॉर्ड देखें 74,333 वोट खारिज हुए, जबकि अंबेडकर जी सिर्फ 14,561 वोटों से हारे। कांग्रेस ने यह सुनिश्चित किया कि एक संविधान निर्माता, एक दलित नेता, पहले ही चुनाव में चुनाव हार जाए। सोचिए, जिसने संविधान बनाया, उसे कांग्रेस परिवार ने चुनावी धोखाधड़ी के जरिए हरा दिया। उन्होंने कहा कि इस परिवार और पार्टी में शुरू ही से एक परंपरा रही है कि अगर आप चुनाव हार जाते हैं, तो आप चुनाव आयोग, मतदाताओं या चुनाव आयोग की कार्यप्रणाली पर सवाल उठाते हैं। इंदिरा गांधी ने कहा था कि मतदाता मूर्खों का समूह हैं, जब राजीव गांधी चुनाव हार गए, तो उन्होंने बैलेट पेपर को दोष दिया। राहुल गांधी के पिता कहते थे कि वोटिंग मशीनों से चुनाव कराओ और राहुल गांधी कहते हैं कि बैलेट पेपर से चुनाव कराओ। सुप्रीम कोर्ट में 24 जून के फैसले को चुनौती देने वाली याचिकाओं पर सुनवाई हो रही है। याचिकाकर्ताओं ने एसआईआर में चुनाव आयोग द्वारा आधार कार्ड को स्वीकार नहीं करने पर सवाल उठाए हैं। इस पर टिप्पणी करते हुए जस्टिस सूर्यकांत और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच ने कहा कि ऐसा प्रतीत होता है कि आयोग ने आधार के अलावा भी बड़ी संख्या में दस्तावेज का विकल्प दिया है, जो समावेशी है। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि मतदाताओं को लिस्ट में शामिल 11 दस्तावेजों में से कोई एक जमा करना अनिवार्य है। याचिकाकर्ताओं के वकील अभिषेक सिंघवी ने इससे असहमति जताई और कहा कि दस्तावेजों की संख्या भले ही ज्यादा हो, लेकिन उनका कवरेज सबसे कम है। उन्होंने पासपोर्ट का उदाहरण दिया और कहा कि बिहार में यह केवल एक से दो प्रतिशत लोगों के पास ही यह दस्तावेज है। राज्य में स्थायी निवासी प्रमाण-पत्र देने का कोई प्रावधान नहीं है। इस पर कोर्ट ने कहा कि राज्य में 36 लाख लोगों के पास पासपोर्ट है, तो इसका कवरेज ठीक है। जस्टिस बागची ने कहा कि अधिकतम कवरेज सुनिश्चित करने के लिए विभिन्न सरकारी विभागों से फीडबैक लेने के बाद आमतौर पर दस्तावेजों की सूची तैयार की जाती है। सुप्रीम कोर्ट में इस मामले पर मंगलवार को भी सुनवाई हुई थी। उस दौरान सुप्रीम कोर्ट ने कहा था कि मतदाता सूची में नागरिकों या गैर-नागरिकों को शामिल करना या बाहर करना चुनाव आयोग के अधिकार क्षेत्र में है। बिहार में एसआईआर में आधार और वोटर आईडी कार्ड को नागरिकता के निर्णायक प्रमाण के रूप में स्वीकार नहीं करने के आयोग के रुख का समर्थन किया था। इस मुद्दे पर संसद में गतिरोध चल रहा है। 25 विपक्षी दलों के 300 से अधिक सांसदों ने संसद से चुनाव आयोग के मुख्यालय तक मार्च करने की कोशिश की। हालांकि सांसदों के विरोध प्रदर्शन को पार्लियामेंट के बाहर ही रोक दिया गया। राहुल गांधी सहित कई सांसदों को हिरासत में ले लिया गया है। सुप्रीम कोर्ट की टिप्पणियां विपक्ष के विरोध की धार को कुंद करने वाली हैं, वैसे भी इस विरोध में नेता और कार्यकर्ता ही शामिल हैं। आम जनता इसमें नजर नहीं आती। कुछ दिन पहले अमित शाह ने बिहार में मतदाता सूची के विशेष गहन पुनरीक्षण का विरोध करने पर लालू प्रसाद और राहुल गांधी की कड़ी आलोचना की। शाह ने आरोप लगाया था कि विशेष गहन पुनरीक्षण का विरोध करके ये विपक्षी नेता वोट बैंक की राजनीति के लिए घुसपैठियों का समर्थन कर रहे हैं। इससे पहले नेहरू शासन में और 2003 में भी मतदाता सूची में शुद्धिकरण किया गया था, लेकिन उसका किसी ने विरोध नहीं किया था। उन्होंने कहा कि कांग्रेस और राष्ट्रीय जनता दल बाहरी लोगों के वोट चाहती हैं, इसलिए वे विशेष गहन पुनरीक्षण कार्य का विरोध कर रही हैं। शाह ने कहा कि निर्वाचन आयोग का विशेष गहन पुनरीक्षण स्वस्थ लोकतंत्र के लिए सुधारात्मक उपाय है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी देश की सुरक्षा के लिए प्रतिबद्ध हैं।

### चार तीर

सुनील उत्सव

'कौम' 'बेजा' 'शक्ल' 'दुनिया'

जो अपनी कौम की बेजा वकालतों में रहा,
उसे तो वक़्त ने शैताने दुनिया माना है।
जो एक शक्ल पे सौ शक्ल का गरूर रखे,
उसे भी एक दिन दुनिया को छोड़ जाना है।

# एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में आयोजित जिला खेल प्रतियोगिता में जिले की प्रतिष्ठित महिलाओं का सम्मन





**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बुस.)।** जानसठ रोड स्थित एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी में पुण्यश्लोका माता अहिल्याबाई होलकर जी की 300वीं जयंती के अवसर पर मुजफ्फरनगर जिले की प्रतिष्ठित एवं समाज में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिलाओं मीनाक्षी स्वरूप-चेयरमैन-नगर पालिका, कुमारी पूनम विश्नोई-जिला उपक्रीड़ा अधिकारी, इन्दु सिद्धार्थ-पुलिस अधीक्षक क्राइम, प्रज्ञा सिंह-इओ, चंचल सक्सेना-डायरेक्टर-एसडी पब्लिक स्कूल, अंकिता कुमार-महिला उद्यमी, शिवानी लाल-फिजियो उप्र महिला क्रिकेट टीम, सुनैना प्रकाश, उपाध्यक्ष राष्ट्रीय सॉफ्ट हॉकी फेडरेशन, सीमा शर्मा-बेस्ट टीचर अवार्ड-कुंवर जगदीश प्रसाद इंटर कालेज को प्रतीक चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। मुख्य अतिथि ब्रह्मचारी केशव स्वरूप, शंकराचार्य स्वामी श्रमसमाधि संस्थान, ऋषिकेश ने कहा कि आज महिला सशक्तिकरण के इस पावन अवसर पर आप सभी के बीच मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होना मेरे लिए गर्व और सौभाग्य की बात है। मीनाक्षी स्वरूप ने अपने उद्बोधन में कहा कि हम सभी जानते हैं कि एक महिला केवल परिवार की धुरी ही नहीं, बल्कि समाज और राष्ट्र की प्रगति की असली शक्ति है। उन्होंने कहा कि जब एक महिला मजबूत बनती है, तो एक पूरा परिवार मजबूत बनता है, और जब परिवार मजबूत बनता है, तो पूरा देश मजबूत बनता है। इन्दु सिद्धार्थ ने एसडी कॉलेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलॉजी की प्रबन्ध समिति को धन्यवाद ज्ञापित करते हुये कहा कि अहिल्याबाई होल्कर जी न केवल एक कुशल प्रशासक थीं, बल्कि जनसेवा, शिक्षा, धर्म और महिला सशक्तिकरण के क्षेत्र में भी उनका योगदान अद्वितीय रहा। सुनैना प्रकाश ने कहा कि इतिहास गवाह है कि जब-जब महिलाओं को अवसर मिला है, उन्होंने समाज, विज्ञान, शिक्षा, राजनीति, कला और खेल, हर क्षेत्र में असाधारण योगदान दिया है। पूनम बिश्नोई ने कहा कि मैंने अपने कार्यकाल में अनगिनत प्रतिभाशाली बेटियों को देखा है, जिन्होंने कठिन परिस्थितियों में भी अपनी पहचान बनाई है। शिवानी लाल ने कहा कि मैं खेल जगत से जुड़ी हूँ और मैंने करीब से देखा है कि कैसे एक लड़की मैदान पर अपने हर संघर्ष को जीत में बदल देती है। चंचल सक्सेना कहा कि हमारे संस्थान में हम हमेशा यही मानते हैं कि शिक्षा और आत्मनिर्भरता ही महिला सशक्तिकरण की सबसे मजबूत नींव हैं। अंकिता कुमार पत्नी अनुभव कुमार, सचिव ने सभी आगन्तुक प्रतिष्ठित महिलाओं का धन्यवाद करते हुये कहा कि एसडी कालेज ऑफ इंजीनियरिंग एंड टैक्नोलोजी हमेशा से महिला शिक्षा और सशक्तिकरण के लिए प्रतिबद्ध रहा है। हमारा मानना है कि बेटियों को वही अवसर मिलने चाहिए, जो बेटों को मिलते हैं, चाहे वह शिक्षा हो, खेल हो, या करियर का कोई भी क्षेत्र। हमारे कॉलेज में आज बेटियाँ न केवल पढ़ाई में बल्कि तकनीकी, खेल, सांस्कृतिक और सामाजिक सभी क्षेत्रों में अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर रही हैं। यह हमारे लिए गर्व की बात है। इस अवसर पर नेशनल यूथ पॉवर एसोसिएशन के सौजन्य से संस्थान में स्थित एसडी स्पोर्ट्स एकेडमी में निशानेबाजी, 100 मीटर दौड़, रस्साकसी व शतरंज आदि खेलों का आयोजन किया गया। डॉ. अनिल कुमार पर्वतारोही-ब्रांड एम्बेसडर फिट इंडिया खेल मंत्रालय भारत सरकार ने सभी प्रतिभागियों का उत्साहवर्धन करते हुये कहा कि इस चैम्पियनशिप में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ी पहले ही विजेता हैं, क्योंकि उन्होंने चुनौती को स्वीकार किया और मैदान पर उतरने का साहस दिखाया। स्पोर्ट्स चैम्पियनशिप के शुभ अवसर पर एसडी स्पोर्ट्स एकेडमी के राइफल क्लब कोच प्रमोद कुमार ने कहा कि खेल जीवन का एक अहम हिस्सा हैं। प्रतियोगिता में विजयी प्रतिभागीयों को मेडल्स, ट्राफी व प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया तथा अन्य प्रतिभागियों को प्रशस्ति-पत्र देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। कार्यक्रम को सफल बनाने में नंदिनी, न्यासा, शगुन, पीहू, इशिता, लक्ष्मी, तुषार, मौ. जुनैद, निखिल, पीयूष आदि छात्र-छात्राओं का विशेष सहयोग रहा।

## पूरा मार्ग न बनाए जाने पर ग्रामीणों में भारी रोष



**बुढ़ाना, 13 अगस्त (बु.)।** ब्लॉक क्षेत्र के गांव जौला से परासौली को जोड़ने वाला रास्ता और सैकड़ों किसानों को कृषि भूमि से जोड़ने के लिए उक्त रास्ते को लेकर इस क्षेत्र के किसान काफी समय से संघर्ष कर रहे थे, जिसमें यह रास्ता पास हो गया, लेकिन जहां तक यह बनना चाहिए था, वहां तक नहीं बनाया जा रहा है। ग्रामीणों की इस शिकायत को गंभीरता से लेते हुए समाजसेवी संस्था जौला यूथ क्लब के पदाधिकारियों ने आज बुधवार के दिन उक्त रास्ते का बारीकी से निरीक्षण किया और पूरा मार्ग ना बनाए जाने पर इसका खुलकर विरोध किया, जिसमें जौला यूथ क्लब के सभी पदाधिकारियों का साफ कहना है कि उक्त रास्ता जो भी प्रतिनिधि जिसमें जिला पंचायत सदस्य, विधायक या सांसद जिसके भी द्वारा बनवाया जा रहा है, वे उक्त रास्ते को परासौली तक पूरा करवाएं, नहीं तो शीघ्र ही रणनीति बनाकर अनिश्चित काल के लिए धरना-प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान यहां पर ठाकुर ठाठ सिंह बाबा जौला, शाहिद राणा, इरफान अहमद, सफीक राणा, अनुज कुमार और लाखन राणा आदि ग्रामीण मौजूद रहे।

समस्त मीरांपुरवासियों की ओर से स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
S.S. HUMAN WELFARE SERVICE CENTER
आधार कार्ड आफिस, मौहल्ला-कोटला, मीरांपुर, मुजफ्फरनगर
प्रो. अबू बकर
Mob. : 9997168602, Office : 9760168602

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
कमल हैलो पॉइंट
मेन बाजार मीरांपुर। मो. 9897131625
एक बार सेवा का मौका अवश्य दें।
प्रो. डीदू रस्तौगी
नोट-हमारे यहाँ सभी कंपनियों के नये मोबाईल उचित रेट पर मिलते हैं व खराब मोबाईलों की रिपेयरिंग भी की जाती है।

आप सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
राहुल शर्मा
(अध्यक्ष, ग्रामीण पत्रकार एसोसिएशन, तहसील जानसठ)
(अध्यक्ष, प्रेस क्लब मीरापुर) मुजफ़्फरनगर

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास कौशिक
अध्यक्ष, ब्राह्मण सभा, मीरांपुर

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
मौहम्मद मुम्तियाज (समाजसेवी)
मेहराजुद्दीन (समाजसेवी)
मीरांपुर, मुजफ्फरनगर

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
प्रधानमंत्री सूर्य घर मुफ्त बिजली योजना
अपने घर की छत पर ग्रिड कनैक्टड सोलर प्लांट पहले आओ, पहले पाओ आधार पर प्राप्त करें।
अपने मासिक बिजली बिल में बहुमूल्य बचत करें एवं उपयोग से अधिक बिजली सरकार को दें (महाबचत)
भारत सरकार एवं उत्तर प्रदेश सरकार द्वारा दी जाने वाली भारी सब्सिडी का लाभ उठाएं (लोन सुविधा के साथ)
सभी बैंकों के लिए लोन उपलब्ध
2KW के प्लांट पर रु. 90 हजार की सब्सिडी
3KW तक की क्षमता के प्लांट पर रु. 1 लाख 8 हजार की सब्सिडी
अपने घर को बनाएं कमाई का साधन
अभिषेक गर्ग मो. 9997926358
विधु मिल्क पार्लर, नियर पोस्ट ऑफिस, मीरांपुर (मु.नगर)

आवश्यकता है
सैनेट्री और पाईप की दुकान के लिए लड़के की आवश्यकता है।
-: सम्पर्क करें :-
9058882929
9761199905

## यमुना का जलस्तर फिर से बढ़कर 229.8 मीटर पर पहुंचा

**कैराना, 13 अगस्त (बु.)।** एक दिन पहले पहाड़ी व मैदानी इलाकों में बारिश के चलते बुधवार को यमुना नदी का जलस्तर 30 सेमी बढ़कर 229.8 मीटर पर पहुंच गया है। मंगलवार को पहाड़ों पर 13 एमएम बारिश के चलते हथिनीकुंड बैराज पर पानी का दबाव बढ़ गया था, जिस कारण मंगलवार को यमुना नदी में 26 हजार 537 क्यूसेक पानी छोड़ा गया था, जिसके चलते बुधवार सुबह 8 बजे यमुना नदी का जलस्तर 30 सेंमी बढ़कर 229.8 मीटर हो गया। बुधवार को पहाड़ों पर बारिश बंद होने के कारण हथिनीकुंड बैराज से यमुना नदी में 19 हजार 874 क्यूसेक पानी छोड़ा गया, जिस कारण रात तक पानी का स्तर कम होने की संभावना है।

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
विकास किया है विकास करेंगे, गांव की समस्त सड़के पक्की बनवाई, नालों का निर्माण कराया, हर गली-मौहल्ले में पथ-प्रकाश व्यवस्था दुरुस्त कराई
रिहान अंसारी (ग्राम प्रधान)
ग्राम प्रधान, सम्भलहेड़ा, मुजफ्फरनगर

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
शिवम कौशिक
ग्राम विकास अधिकारी, ब्लॉक-जानसठ

सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
चौ. इन्फ्रा कम्पनी
खतौली रोड, मुजफ्फरनगर
सभी प्रकार की उच्च क्वालिटी की टाइल्स के थोक विक्रेता
नोट : एक बार सेवा का मौका अवश्य दें।
प्रो. गुलजार राजपूत
मो. 9997875381
मो. 8006133544

### बेदखली सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा पुत्र अंकित त्यागी व पुत्रवधू श्रीमती मणि त्यागी मेरे कहने-सुनने में नहीं हैं। इसलिए मैं इन दोनों से अपने सभी सम्बंध समाप्त कर अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से बेदखल करता हूँ। यदि यह दोनों भविष्य में कोई लेन-देन या व्यवहार करते हैं तो वे इसके स्वयं जिम्मेदार होंगे। मेरी व मेरे परिवार की कोई जिम्मेदारी किसी प्रकार की नहीं होगी।

ऋषिपाल त्यागी
पुत्र स्व. सोमदत्त त्यागी
निवासी-मकान नं. 679, जैन नगर, कृष्णापुरी, मुजफ्फरनगर

### सार्वजनिक सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे पुत्र के जन्म प्रमाण-पत्र संख्या 2190 दिनांक 17.02.2022 में नियमों की जानकारी न होने के कारण मेरे द्वारा पुत्र का नाम **हमज़ा (HAMZA)** अंकित नहीं कराया गया था। मेरे पुत्र का वास्तविक नाम यही है और भविष्य में भी इसी नाम से जाना जायेगा। नाम पंजीकरण हेतु आवेदन पत्र विभाग में प्रस्तुत किया गया है।

मौ. शाहबाज
निवासी-1607 उत्तरी लद्दावाला, मुजफ्फरनगर।
Mobile No.: 7669227677



## युवक पर जानलेवा हमले के दो आरोपी गिरफ्तार

**भोपा, 13 अगस्त (बु.)।** भोपा थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा में बीते रविवार की रात घर के सामने गाली-गलौच करने से रोकने पर युवक पर बलकटी से जानलेवा हमला करने और युवक को बचाने आए उसके पिता और चाचा पर भी हमला कर घायल कर देने के दो आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से आरोपियों को जेल भेज दिया है। भोपा थाना क्षेत्र के गांव नन्हेड़ा निवासी कमरक पाल ने मुकदमा दर्ज कराते हुए बताया था कि बीते रविवार की रात उसके पड़ोसी अक्षय, नीटू पुत्रगण बीर सिंह, रवि पुत्र बृजवीर और शैंकी पुत्र निर्दोष उसके गेट के सामने शोर-शराबा कर गाली-गलौच कर रहे थे। पीड़ित ने बताया था कि जब उसने और उसके बेटे अंकित ने उन्हें अपने घर के बाहर शोर मचाने व गाली देने से मना किया, तो आरोपी उनपर भड़क गये और भागकर अपने घर से लाठी-डंडे व बलकटी ले आये। आरोपियों को आता देख पिता-पुत्र भागकर अपने घर में घुस गये, लेकिन चारों आरोपी पीछा करते हुए उसके घर में घुस आये और अंकित के सिर पर बलकटी से जान से मारने की नियत से हमला किया, जिससे अंकित के सिर में गम्भीर चोट आयी और वह लहूलुहान होकर नीचे गिर पड़ा, जब वह और उसका भाई कृष्णपाल और भतीजा काला घायल अंकित को बचाने के लिए गए, तो इन आरोपियों उनपर भी लाठी-डंडों और बलकटी से हमला कर दिया, जिससे चारों घायल हो गए। मौके पर आए ग्रामीणों को देख आरोपी उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए भाग गए। थाना प्रभारी निरीक्षक ओमप्रकाश सिंह ने बताया कि पुलिस दो आरोपियों अक्षय और नीटू को पूर्व में गिरफ्तार कर जेल भेज चुकी है। बुधवार को पुलिस ने रवि और शैंकी को रसूलपुर तिराहे से गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से दोनों आरोपियों को जेल भेजा गया है।

## ना शपथ पत्र देते हैं, ना सबूत देते हैं.., आखिर राहुल गांधी जी को किस बात का डर है?- अनुराग ठाकुर

**नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसी)।** भारतीय जनता पार्टी के लोकसभा सांसद और पूर्व केंद्रीय मंत्री अनुराग ठाकुर ने बुधवार को पार्टी के केंद्रीय कार्यालय में एक प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित किया। कॉन्फ्रेंस के दौरान ठाकुर ने 90 चुनावी हार के बाद ईवीएम, चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं पर बार-बार झूठे आरोप लगाने के लिए राहुल गांधी और कांग्रेस की कड़ी आलोचना की। ऐतिहासिक उदाहरणों का हवाला देते हुए उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने 1952 से चुनावी धांधली और मतदाता हेरफेर की परंपरा शुरू की, जिसमें डॉ. बी.आर. अंबेडकर की हार, बूथ कैप्चरिंग, नामांकन रद्द करना और 1971 में इंदिरा गांधी द्वारा सरकारी मशीनरी का दुरुपयोग शामिल है। ठाकुर ने वायनाड, रायबरेली, डायमंड हार्बर, कन्नौज, मैनपुरी और कोलाथुर में लाखों संदिग्ध मतदाताओं, डुप्लिकेट वोटों, फर्जी पतों, उम्र में हेरफेर और बड़े पैमाने पर नए मतदाताओं के जुड़ने के ठोस आंकड़े पेश किए। उन्होंने आरोप लगाया कि विपक्ष घुसपैठियों के वोट बैंक की रक्षा और तुष्टिकरण की राजनीति के लिए इस धोखाधड़ी को बढ़ावा देता है, जबकि चुनाव सुधारों का विरोध करता है। ठाकुर ने राहुल, प्रियंका, अखिलेश, अभिषेक और स्टालिन के इस्तीफे की मांग करते हुए कहा कि विपक्ष "चोर मचाये शोर" की तर्ज पर लोकतंत्र को कमजोर करने की कोशिश कर रहा है। ठाकुर ने कहा कि अगर हम दुनिया भर में देखें, तो एक ही व्यक्ति के नेतृत्व में 90 बार चुनाव हारने का रिकॉर्ड राहुल गांधी के नाम है। कांग्रेस पार्टी के भीतर भी उनके नेतृत्व पर सवाल उठते हैं। राहुल गांधी जब भी चुनाव हारते हैं, तो कभी ईवीएम पर सवाल उठाते हैं, कभी मतदाताओं को दोषी ठहराते हैं। कई बार कांग्रेस ने ईवीएम में छेड़छाड़ का आरोप लगाया, फिर ईवीएम पर प्रतिबंध लगाने और मतपत्रों को वापस लाने की मांग की। अगला चुनाव हारने के बाद, उन्होंने दावा किया कि ईवीएम को रिमोट से हैक किया जा सकता है और फिर वीवीपैट की 100% जांच की मांग की। हर हार के बाद, कांग्रेस एक नया बहाना लेकर आती है, लेकिन कभी आत्मचिंतन या आत्म-मूल्यांकन करने का साहस नहीं जुटा पाती। इसके बजाय, उन्होंने बार-बार ईवीएम से लेकर चुनाव आयोग और संवैधानिक संस्थाओं पर झूठे आरोप लगाए। अब, बिहार चुनाव में हार को देखते हुए, कांग्रेस एक बार फिर विपक्षी दलों के साथ मिलकर झूठे आरोपों का सहारा ले रही है। कल, कुछ कांग्रेस नेता कह रहे थे कि राहुल गांधी और विपक्षी नेताओं ने "तूफान" खड़ा कर दिया है। लेकिन सच्चाई यह है कि यह कोई तूफान नहीं है - यह कांग्रेस की भूल है।




सभी क्षेत्रवासियों को स्वतंत्रता दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं
वकील अहमद कुरैशी
(जिलाध्यक्ष राष्ट्रवादी मुस्लिम पसमांदा महाज़) मुज़फ़्फ़रनगर

## राजस्थान में होगी पहली डिजिटल जनगणना, घर बैठे खुद कर सकेंगे अपना रजिस्ट्रेशन

**जयपुर, 13 अगस्त (एजेंसी)।** राजस्थान में होने वाली अगली जनगणना पूरी तरह से डिजिटल होगी। यह देश में पहली बार हो रहा है कि लोग खुद भी अपनी और अपने परिवार की जानकारी दर्ज कर सकेंगे। यह एक ऐसा बदलाव है, जो न सिर्फ प्रक्रिया को आसान बनाएगा, बल्कि काम को तेजी से और ज्यादा सटीकता के साथ पूरा करने में भी मदद करेगा। इसकी तैयारियां राजस्थान में शुरू हो चुकी हैं। अबकी बार, जनगणना में हिस्सा लेने के लिए आपको सिर्फ इंतजार नहीं करना होगा। सरकार ने एक 'स्व-गणना वेब पोर्टल' लॉन्च किया है। इसके जरिए कोई भी व्यक्ति अपनी जानकारी खुद ही ऑनलाइन भर सकेगा। हालांकि, अधिकारियों का कहना है कि लोग जो भी जानकारी भरेंगे, बाद में उसका सत्यापन सरकारी कर्मचारी घर-घर जाकर करेंगे। इसके अलावा, जो लोग ऑनलाइन नहीं कर पाएंगे, उनके लिए कर्मचारी टैबलेट लेकर आएंगे और जानकारी डिजिटल तरीके से ही भरेंगे। जयपुर स्थित क्षेत्रीय जनगणना निदेशालय के निदेशक विष्णु चरण ने बताया कि यह पूरी प्रक्रिया दो चरणों में होगी. पहला चरण, अप्रैल से सितंबर 2026 तक होगा। इसमें घरों की गिनती और लिस्ट तैयार की जाएगी। दूसरा चरण, 9 से 20 फरवरी 2027 तक होगा। इसमें लोगों की वास्तविक गणना की जाएगी।

## श्री बांके बिहारी मंदिर न्यास गठन के अध्यादेश को विधानसभा की मंजूरी

**लखनऊ, 13 अगस्त (एजेंसी)।** यूपी विधानसभा के मानसून सत्र के तीसरे दिन बांके बिहारी मंदिर निर्माण ऑर्डिनेंस को मंजूरी मिल गई। सदन में बुधवार सुबह 11 बजे विकसित भारत, विकसित यूपी विजन डॉक्यूमेंट-2047 पर लगातार 24 घंटे की चर्चा शुरू हो गई है। इसमें सरकार विभागवार उपलब्धियां और विजन रख रही है, जबकि विपक्ष के सवालों का दौर भी जारी है। इस दौरान सत्र में बांके बिहारी कॉरिडोर ऑर्डिनेंस विधेयक भी पास हो गया है।

# नशा मुक्ति के लिए प्रयास, पुलिस अधीक्षक शहर ने पुलिसकर्मियों को दिलाई नशा मुक्ति की शपथ

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** जनपद में नशा मुक्ति के लिए एक बार फिर प्रयास शुरू हुए हैं। स्वयं एसपी सिटी सत्यनारायण प्रजापत ने नशा मुक्ति कार्यक्रम का आयोजन किया और शपथ दिलाते हुए नशा मुक्त एवं स्वस्थ समाज के लक्ष्य को दोहराया। अपने कार्यालय पर उपस्थित एसपी देहात व एसपी ट्रैफिक की मौजूदगी में पुलिसकर्मियों को नशे से दूर रहने, उसके दुष्परिणामों के लिए जागरूक करने के साथ-साथ नशा मुक्त वातावरण बनाने की शपथ दिलाई। एसपी सिटी द्वारा बताया गया कि नशा न केवल व्यक्ति के जीवन को हानि पहुंचाता है बल्कि परिवार की अधिकांश खुशियों को बर्बाद कर देता है। परिवार की खुशियों के साथ साथ सामाजिक मूल्यों व आर्थिक स्थिरता को भी नष्ट करता है। इस दौरान एसपी देहात आदित्य बंसल, एसपी ट्रैफिक अतुल कुमार चौबे समेत अन्य पुलिसकर्मी मौजूद रहे।



## कानून व्यवस्था का लिया जायजा

**मुजफ्फरनगर, 13 अगस्त (बु.)।** जन्माष्टमी व 15 अगस्त के पर्व को देखते हुए कानून एवं शांति व्यवस्था बनाए रखने हेतु एसपी देहात ने कचहरी सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लेते हुए पुलिसकर्मियों को अहम दिशा-निर्देश दिये। एसपी देहात आदित्य बंसल द्वारा कचहरी परिसर में सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया गया तथा कचहरी परिसर में मौजूद आम व खास लोगों से वार्ता करते हुए संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गयी तथा चैकिंग कराई गयी। इसी के साथ-साथ कचहरी परिसर में लगे सुरक्षा उपकरणों एवं सीसीटीवी कैमरों को भी चैक किया गया। इसके अलावा ड्यूटी पर तैनात पुलिसबल को सतर्कतापूर्वक ड्यूटी करने तथा छोटी बड़ी सूचनाओं से उच्चाधिकारियों को अवगत कराने के लिए निर्देश दिये।

## सीतापुर में दरोगा ने पीट-पीटकर युवक को मार डाला, मौत से पहले युवक का वीडियो

**सीतापुर, 13 अगस्त (एजेंसी)।** सीतापुर में दरोगा की पिटाई से युवक की मौत हो गई। मौत से पहले उसका एक वीडियो सामने आया है। इसमें वह कह रहा है- दरोगा ने मुझे बेरहमी से पीटा है। मेरा कोई कसूर नहीं है। युवक मंगलवार की रात अपनी दुकान के बाहर सो रहा था। दरोगा ने चोर समझकर उसको जमकर पीटा। जब बेहोश हो गया, तो छोड़कर भाग गया। परिजन उसे अस्पताल ले गए, जहां बुधवार सुबह उसने दम तोड़ दिया। घटना से गुस्साए परिजनों ने बुधवार सुबह विरोध प्रदर्शन किया और महमूदाबाद सिधौली मार्ग पर जाम लगा दिया। सूचना मिलते ही एसपी 2 थानों की फोर्स समेत मौके पर पहुंचे। परिवार वालों को कार्रवाई का आश्वासन दिया। इसके बाद शव पोस्टमॉर्टम के लिए भेजा। परिजन करीब 1 घंटे तक जाम लगाए रहे। घटना



सिधौली थाना क्षेत्र के जसवंतपुर की है। जसवंतपुर के रहने वाले सत्यपाल (26) पुत्र सोहबरन सिंह की घर से 800 मीटर दूर जाफरीपुर की मार्केट में किराए पर परचून की दुकान थी। उनका छोटा भाई और पिता दुकान पर बैठते थे। पास की 3 दुकानें उनके चाचा ने किराए पर ले रखी हैं। सत्यपाल मंगलवार रात को अपनी दुकान के बाहर सो रहे थे। रात करीब 1 बजे दरोगा मणिकांत श्रीवास्तव अपनी गाड़ी से राउंड पर थे। उनके साथ 5-6 पुलिसकर्मी और थे। उन्होंने सत्यपाल को जगाकर उससे नाम पूछा। पूछताछ के बाद दरोगा सत्यपाल को पीटने लगे। उसे इतना पीटा कि वह बेहोश हो गया, फिर उसे छोड़कर चले गए।



## राहुल गांधी बोले- मेरी जान को खतरा, पुणे कोर्ट से कहा- गोडसे के वंशजों से सुरक्षा दिलाएं

**पुणे, 13 अगस्त (एजेंसी)।** पुणे अदालत के समक्ष पेश होकर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि उनकी जान को खतरा है। यह खतरा उन्होंने सावरकर मानहानि केस को लेकर जताया है। उन्होंने कहा- मेरे खिलाफ मानहानि की शिकायत करने वाले नाथूराम गोडसे के वंशज हैं। राहुल गांधी ने एमपी/एमएलए स्पेशल कोर्ट से अपील की है कि उनकी सुरक्षा और केस की निष्पक्ष सुनवाई के लिए प्रिवेंटिव प्रोटेक्शन दी जाए। यह राज्य की संवैधानिक जिम्मेदारी है। कोर्ट इस मामले की अगली सुनवाई 10 सितंबर को करेगी।
राहुल गांधी ने कहा- महात्मा गांधी की हत्या एक सोची-समझी साजिश थी और ऐसे पारिवारिक इतिहास को देखते हुए उन्हें नुकसान पहुंचने या गलत तरीके से फंसाए जाने का खतरा है। उन्होंने हाल के अपने राजनीतिक बयानों का भी जिक्र किया, जैसे संसद में 11 अगस्त को 'वोट चोर कुर्सी छोड़' का नारा और चुनावी गड़बड़ियों के दस्तावेज पेश करना, जिससे राजनीतिक विरोधियों की नाराजगी बढ़ी है। राहुल ने यह भी कहा था कि सच्चा हिंदू कभी हिंसक नहीं होता, नफरत नहीं फैलाता। बीजेपी नफरत और हिंसा फैलाती है। इस बयान के बाद बीजेपी नेताओं ने उन पर हिंदू समुदाय का अपमान करने का आरोप लगाया। मार्च 2023 में राहुल गांधी ने लंदन में एक भाषण में दावा किया था कि वीडी सावरकर ने एक किताब में लिखा था कि उन्होंने और उनके पांच से छह दोस्तों ने एक बार एक मुस्लिम व्यक्ति की पिटाई की थी, और उन्हें इससे खुशी हुई थी। इस भाषण का हवाला देते हुए सत्यकी सावरकर ने गांधी के खिलाफ मानहानि का केस दर्ज कराया है। इसी मामले में 3 जुलाई



को पुणे एमपी-एमएलए कोर्ट ने सावरकर के पोते सत्यकी सावरकर की उस याचिका को खारिज कर दिया, जिसमें उन्होंने राहुल गांधी से वह पुस्तक दिखाने की मांग की थी, जिसमें उन्होंने सावरकर के खिलाफ कथित रूप से अपमानजनक टिप्पणी की थी। जस्टिस अमोल शिंदे ने कहा कि कांग्रेस नेता को पुस्तक पेश करने के लिए विवश नहीं किया जा सकता।

## 18 अगस्त को भारत आएंगे चीनी विदेश मंत्री, सीमा मुद्दे पर अजीत डोभाल से होगी वार्ता

**नई दिल्ली, 13 अगस्त (एजेंसी)।** चीन के विदेश मंत्री वांग यी सोमवार को भारत आ रहे हैं। वह राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल के साथ सीमा मुद्दे पर विशेष प्रतिनिधि तंत्र के तहत वार्ता करेंगे। आधिकारिक सूत्रों ने यह जानकारी दी। वांग यी का यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की भी चीन के तियानजिन शहर की यात्रा तय है। प्रधानमंत्री शंघाई सहयोग संगठन (एससीओ) के वार्षिक शिखर सम्मेलन में भाग लेंगे। सूत्रों ने बताया कि वांग यी का भारत दौरा मुख्य रूप से सीमा विवाद को लेकर अगले दौर की विशेष प्रतिनिधि वार्ता को लेकर होगा। सीमा से जुड़े मुद्दों पर वार्ता के लिए वांग यी और अजीत डोभाल दोनों को अपने-अपने देशों का विशेष प्रतिनिधि नियुक्त किया गया है। डोभाल पिछले साल दिसंबर में चीन गए थे और वहां उन्होंने वांग यी के साथ विशेष प्रतिनिधि वार्ता की थी। कजान (रूस) में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के बीच बैठक हुई थी, जिस दौरान वार्ता के विभिन्न तंत्रों को दोबारा शुरू करने का फैसला लिया गया था। भारत और चीन के संबंधों में यह गर्माहट ऐसे समय में देखने को मिल रही है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने भारतीय सामानों पर 50 फीसदी टैरिफ लगाया है। ट्रंप के 50 फीसदी टैरिफ के एलान के बाद डोभाल ने रूस का भी दौरा किया था और राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से मुलाकात की थी।



## हिमाचल में कुल्लू में हुई उत्तरकाशी जैसी तबाही, दो जगह फटा बादल

**कुल्लू, 13 अगस्त (एजेंसी)।** जिला कुल्लू के निरमंड के कुर्पन खड्ड और बंजार की तीर्थन नदी में बादल फटने से आई बाढ़ से भारी क्षति पहुंची है। देर शाम को आई बाढ़ से लाखों रुपये के नुकसान का अनुमान लगाया गया है। बंजार तीर्थन नदी में आई बाढ़ से बठाहड में चार काटेज और तीन से चार वाहन के बहने की सूचना मिली है। जबकि बागीपुल के गानवी में पुल बहा, कई दुकानों और मकान के क्षतिग्रस्त होने की सूचना है। गानवी बस अड्डे में पानी भर गया है। साथ में छह से अधिक दुकानें और मकान में रखा सामान नष्ट हो गया है। जबकि किसी प्रकार के जानी नुकसान नहीं हुआ है। देर शाम को आई बाढ़ से नदी किनारे रह रहे लोगों में अफरा-तफरी मच गई। बाढ़ का कारण श्रीखंड महादेव की पहाड़ियों में बादल फटना बताया जा रहा है, जिससे कुर्पन खड्ड में जलस्तर बढ़ गया और बागीपुल बाजार को खाली कराना पड़ा। प्रशासन ने राहत और बचाव कार्य के लिए दल मौके पर भेज दिए हैं। बंजार के विधायक सुरेंद्र शौरी ने जानकारी दी है की दोगड़ा पुल भी टूटा है। उन्होंने कहा कि उन्होंने कुछ गांवों से फोन आए हैं। तीर्थन नदी के आसपास लोग ना जाएं। बठाहड़ की तरफ से तीर्थन नदी में बाढ़ आई है और औट तक अलर्ट जारी किया गया है।





